>

Title: Need to extend Rewari-Sikar train no. 59728/29 upto Jaipur and also run train no. 12955/56 through Reengas, Sikar, Jhunjhunu , Surajgarh and Loharu-laid.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): राजस्थान राज्य का शेखावटी क्षेत्र में जिला झुझुनूं आता है । सैनिक बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ शिक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण जिला है । साथ ही व्यापारी एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है । अतः मेरे जिले में रेलों का सम्पर्क बहुत ही कम है । जिले में रेवाड़ी से सीकर पैसेंजर गाड़ी संख्या 59728/59729 चलती है । अतः उक्त ट्रेन को जयपुर तक करवाने का श्रम करावें । साथ ही गाड़ी संख्या 12955/12956 एस एफ एक्सप्रेस मुम्बई से जयपुर तक चलती है, उक्त ट्रेन को रीगस, सीकर, झुझुनूं, सूरजगढ़, लुहारू तक संचालन करवाने का श्रम करावें ।